





नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 21 जुलाई 2026



एक नजर में

## बार-बार बिजली कटौती से टेमला के ग्रामीण परेशान



**भीकनगांव।** ग्राम पंचायत टेमला में लगातार हो रही बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर ग्राम पंचायत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता, भीकनगांव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले कई दिनों से गांव में दिन-रात हर आधे से एक घंटे के अंतराल पर बिजली गुल हो रही है। लगातार ट्रिपिंग और अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं रहने से घरों में पानी की मोटरें बंद पड़ी रहती हैं, जिससे पेयजल संकट गहरा रहा है। वहीं रात के समय बिजली कटौती के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बार-बार लो-वोल्टेज और हाई-वोल्टेज की स्थिति बनने से टीवी, फ्रिज, पंखे सहित अन्य घरेलू विद्युत उपकरणों के खराब होने का खतरा भी बना हुआ है। ग्राम पंचायत का कहना है कि समस्या से स्थानीय लाइनमैन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से तत्काल ट्रिपिंग और अनियमित बिजली कटौती बंद कर नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच संतोष असलकर, चेतन यादव, सोहन यादव, दीपक जाचपुरे, सुनील यादव, लीलाधर नामदेव, रामचरण यादव, कालू भाई, अंकित मालवीय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**ये कहते हैं अधिकारी**

मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भीकनगांव के ग्रामीण अधिकारी महेंद्र बर्डे ने बताया कि ग्राम टेमला के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा बिजली कटौती और लाइनमैन की शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में उच्च अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या के निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

## अखिल निमाड़ लोक परिषद की कार्यकारिणी बैठक



**महेश्वर ।** अखिल निमाड़ लोक परिषद की बैठक रविवार को महेश्वर के सनातन होटल में सम्पन्न हुई । परिषद के संरक्षक पद्मश्री जगदीश जोशीला,कुंअर उदयसिंह अनुज, जीवनलाल शर्मा, अध्यक्ष हरीश दुबे, महिला इकाई अध्यक्ष रजनी उपाध्याय, सांस्कृतिक अध्यक्ष मनीषा शास्त्री,न्यास अध्यक्ष रमेश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का आरंभ किया । बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि बाल साहित्य प्रकाशन हेतु न्यास द्वारा सहमति दी गई। परिषद अध्यक्ष हरीश दुबे ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए निमाड़ी बोली एवं क्षेत्रिय कलाकारों, परंपराओं के विकास व सरंक्षण हेतु किए जा रहे सभी संरक्षकों, पदाधिकारियों, संयोजकों तथा आजीवन सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। पद्मश्री जगदीश जोशीला ने निमाड़ी बोली को भाषा का दर्जा दिलाना की आवश्यक पर प्रकाश डाला। सम्मान चयन समिति में नौ सदस्यीय दल में तीन संरक्षक,तीन अध्यक्ष, महासचिव, खंडवा से गोविन्द शर्मा और बड़वानी से राजीव वर्मा तय किए गए । कार्यकारिणी व संयोजकों के लिए सितम्बर माह तक ग्यारह आजीवन सदस्य बनाना अनिवार्य किया गया है ।निमाड़ जनपद में शिक्षा,सेवा में योग्य शिक्षिका तथा निमाड़ी लोक कला संस्कृति का सोशल मीडिया व जमीनी स्तर पर विशेष प्रचार प्रसार करने हेतु दो पुरस्कार के प्राप्त प्रस्ताव पटल पर आए जिन्हें कार्यकारिणी प्रायोजकों से चर्चा कर अंतिम निर्णय लेगी ।माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार निमाड़ जनपद के हिंदी लेखक को दिया जाएगा यह निर्णय लिया गया । पिछली बैठक में किए गये सम्मानों की श्रृंखला में परिषद् में विशेष योगदान हेतु सचिव मुकेश मेहता,विवेक विद्यार्थी, संयोजक राजीव वर्मा,भारत सिंह दासौंधी को सम्मानित किया गया । बैठक में संस्था के कोषाध्यक्ष हरि वल्लभ शास्त्री ने भी संबोधित करते हुए संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी।

## समय-सीमा पत्रों के त्वरित निराकरण पर सख्त निर्देश

**खरगोन।** प्रभारी कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागृह में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, विजन डॉक्यूमेंट-2047, पदोन्नति प्रक्रिया तथा किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत आयोजित होने वाले बलराम कृषि महोत्सव सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौड़ ने सभी विभागों को विजन डॉक्यूमेंट-2047 के अंतर्गत विभागवार कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी लंबित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी विभाग में नॉन-अटेंडेड शिकायत नहीं रहनी चाहिए। प्रभारी कलेक्टर श्रीमती राठौर ने सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन में ए ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग की ग्रेडिंग यदि बी, सी अथवा डी श्रेणी में पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 300 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में दिशा समिति की बैठक में प्राप्त बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही वर्ष 2025 के पदोन्नति नियमों के अंतर्गत विभागों में चल रही पदोन्नति प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। प्रभारी कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग एवं मध्यप्रदेश जल निगम को आपसी समन्वय स्थापित कर दिशा समिति के बिंदुओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग को जीर्ण-शीर्ण भवनों में संचालित विद्यालयों को सुरक्षित वैकल्पिक भवनों में स्थानांतरित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त मात्रा में स्नेक बाइट (सर्पदंश) उपचार के लिए आवश्यक वैक्सीन एवं दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## शिक्षा मंत्री का इस्तीफा और वांगचुक के समर्थन में सौंपा ज्ञापन



**कसरावद।** नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ब्लॉक इकाई के सदस्य सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार मुकेश मचार को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि नीट परीक्षा से जुड़े मामले की सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों, शिक्षा माफियाओं एवं संबंधित लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार कर परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने की मांग भी की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं से लाखों मेहनती एवं ईमानदार विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। ऐसे में सरकार को विद्यार्थियों के हित में शीघ्र न्यायपूर्ण निर्णय लेकर उनका विश्वास बहाल करना चाहिए।ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**ये रहे उपस्थित**

एडवोकेट लखन भांवरें, जयस ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष रंजीत सिंह मण्डलोई, राजकुमार मोहरे, कपिल खराडे, जितेंद्र मोरे, सोमल चौहान, अरुण माथुर, राहुल गिरवाल, धर्मेन्द्र रावत, अंकित ओसारी, राज गांगले, प्रविण मोहने, रवि मालविया, अजय मेहता,विकास भूरिया, राजेंद्र वसुनिया, राजा मुजाल्दे, अखलेश भूरिया, गजानन खराडे, फकिरा गूडिया,मनिष भूरिया, मंगल माथुर मौजूद थे।

## पानी की लाइन फूटी, लोग परेशान



**खरगोन।** खंडवा रोड पर नाला निर्माण कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन फूट जाने का मामला सामने आया है। रहवासियों ने आरोप लगाया है कि पाईप लाईन फूट जाने के दो दिन बीतने के बाद भी लाईन दुरुस्त नही की गई, जिससे कॉलोनी में पेयजल सप्लाय बाधित हो रही है। हालांकि सोमवार को नगर पालिका के कर्मचारी लाईन सुधार के लिए पहुंचे है। कॉलोनी के सुनील बड़ोले, शिवराम मण्डलोई, हर्षित मिश्रा एवं अनिल सोनी ने बताया पानी नही मिलने से काफी दिक्कत हो रही है।बॉबी मिश्रा ने बताया कि नगर, न्यू नूतन नगर सहित कई अन्य अवासीय कॉलोनियों में जल वितरण व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। पिछले दो दिनों से इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति ठप है, जिससे हजारों रहवासियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## सोनम वांगचुक के समर्थन में निकाली आक्रोश रैली



**खरगोन।** दिल्ली के जंतर.मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में सुधार और पेपर लीक के खिलाफ 21 दिनों से अनशन कर रहे जलवायु और शिक्षा कार्यकर्ता सोनंउ वांगचुक के समर्थन में सोमवार को शहर में भी प्रभावी प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बिस्टान नाका टंट्या मामा चौराहे पर एकत्रित होकर प्रभावी आक्रोश रैली निकाली।

शहर के प्रमुख मार्गों से होकर करीब 4 किमी दूर नारेबाजी करते हुए छात्र कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां कलेक्टर से मिलकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने की मांग की। करीब 2 घंटे धरना प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में युवाओं ने कहा कि परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के कारण मेहनत करने वाले छात्रों का विश्वास व्यवस्था से उठता जा रहा है। भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सरकार को ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए 23 जुलाई तक आवेदन

**खरगोन।** शासकीय आईटीआई सेगांव में सत्र 2026-27 के तृतीय एवं चतुर्थ चरण के प्रवेश शुरू हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई तक नवीन पंजीयन, त्रुटि सुधार एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। प्राचार्य सुनील क्षेत्रे ने बताया कि इलेक्ट्रीशियन (दो वर्षीय), कोपा एवं सोलर टेक्नीशियन (एक वर्षीय) ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। तृतीय चयन सूची 25 जुलाई को जारी होगी तथा प्रवेश 25 जुलाई से 4 अगस्त तक होंगे। चतुर्थ चयन सूची 5 अगस्त को जारी होगी और प्रवेश 5 से 11 अगस्त तक किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

## विद्यासागर महाराज का 59वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया



**सनावद।** परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 59 वें मुनि दीक्षा दिवस पर पार्श्व ज्योति मंच द्वारा आचार्य तथा साधु परमेष्ठी के रूप में उनकी विशेष पूजन कर विनयांजली समर्पित की गई।

मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने उन्हें बीसवी सदी का ऐसा महान तपस्वी साधक संत बताया जिन्होंने 59 वर्ष पूर्व आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज से दिगम्बर मुनि दीक्षा ग्रहण की तथा अनेक श्रावकों को त्याग मार्ग पर लगाकर उन्हें आत्म कल्याण के मार्ग पर लगाया। बसंत पंचोलिया ने कहा कि व्यसन मुक्त समाज की स्थापना करना उनका प्रमुख लक्ष्य था। कमलेश भूंच ने उनके संघ सहित सनावद आगमन पर के संस्मरण सुनाये। शुभम जैन ने कहा कि उनका जीवन परहित के साथ आत्महित के लिए ज्यादा समर्पित था धीरेन्द्र बाकलीवाल, सम्मी जैन विजय जैन, नरेन्द्र जैन, प्रियम जैन, सत्येन्द्र जैन, राकेश जैन, सन्ध्या जैन, प्रिया जैन, वीनस जैन, ने भी उनको विनयांजली समर्पित की।

## सागोरे एनएसयू आई के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**खरगोन।** जिला कांग्रेस ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिलाध्यक्ष पद पर निलेश सागोरे को नियुक्ति किया है। निलेश की नियुक्ति मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष एवं विधायक झूमा सोलंकी, पूर्व मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ, विधायक केदार डावर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक की सहमति से मध्यप्रदेश एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर की है। निलेश की नियुक्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## लायंस क्लब खरगोन निमाड़ की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ



**खरगोन।** लायंस क्लब खरगोन निमाड़ की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट ने नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट ने सभी सदस्यों को उनके पद का महत्व, दायित्व और लायंस क्लब की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। विशेष अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ. संजय गुप्ता ने समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता जताने की बात कही। विशिष्ट अतिथि लायन लवकुश पटेल ने नवीन कार्यकारिणी को आगामी सत्र के कार्यकाल के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र सैनी, क्लब के सचिव अक्षय बिल्लौरे, उपाध्यक्ष अर्जुन शुक्ला, कोषाध्यक्ष वैभव मूछाल, क्लब डायरेक्टर अनिता शुक्ला, विजय मोरे, ईदरिस अली एवं तरुण गुप्ता ने शपथ ली। समारोह के दौरान दो नए बालकृष्ण पाटीदार एवं सीमा पाटीदार ने भी सेवा कार्यों से जुड़ने की शपथ ली।

## फुटपाथ पर दुकान लगाने की मांगी अनुमति



**खरगोन।** बस स्टैंड पर लगाई जा रही फुटकर दुकानों को नगर पालिका ने हटा दिया है। इस कार्रवाई के बाद दुकानदारों ने जीविका का गंभीर संकट बताते हुए एसडीए से दोबारा दुकानें लगाने की अनुमति मांगी है। सोमवार को दुकानदार एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां ज्ञापन सौंपकर अपनी परेशानी बताई है।

दुकानदारों ने बताया कि बस स्टैंड के अंदर फुटपाथ पर बीते ढाई दशकों से बस स्टैंड परिसर में जमीन पर छोटी-छोटी दुकानें लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। इन दुकानों से वे दैनिक उपयोग की वस्तुएं, महिला सौंदर्य प्रशाधन, जलपान व अन्य सामग्री बेचते थे।

नगर पालिका द्वारा अचानक हटाए जाने से उनका वर्षों पुराना व्यवसाय पूरी तरह से बंद हो गया है। खेरची दुकानदारों का कहना है कि उनके पास आजीविका का कोई अन्य साधन नहीं है। वे पूरी तरह से इस व्यवसाय पर ही निर्भर थे। यह दुकानें महिलाएं, विधवा महिलाएं और विकलांग संचालित करते है।

## नशामुक्ति पर दिया व्याख्यान



**खरगोन।** नशे से दूरी है जरुरी 2.0 अभियान के तहत शासकीय विधि महाविद्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम एवं व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य में शिल्पा टेकाडे ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक व दुष्प्रभावों से अवगत कराया।

प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मण्डलोई ने कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है और एक स्वस्थ शरीर व संतुलित मस्तिष्क ही सफलता की नींव है। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के तनाव या भटकाव से बचकर सकारात्मक गतिविधियों और खेलकूद में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए। इस विशेष अवसर पर नवनियुक्त स्पोर्ट्स अधिकारी का स्वागत चन्द्रभान त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम तृप्ति जायसवाल के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन शिवांगी निराले ने किया। आभार सत्यम निंगवाल ने किया।

## विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया जागरूकता का संदेश

- जयस ने दिलाई
- नशामुक्ति की शपथ



**कसरावद।** मध्यप्रदेश पुलिस के राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 के अंतर्गत सोमवार को कसरावद में तहसील कार्यालय, संदीपनी विद्यालय एवं नगर में विभिन्न नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। अभियान के तहत तहसील कार्यालय में आयोजित जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) की रैली में शामिल नागरिकों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है तथा इससे दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध जीवन का निर्माण किया जा सकता है। इस दौरान रैली में शामिल सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

इसी क्रम में महार्षि संदीपनी विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति विषय पर मानव श्रृंखला बनाकर समाज को नशे के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें अपने जीवन में नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति की शपथ लेते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी ने कहा कि नशे से मुक्त युवा पीढ़ी ही विकसित एवं सशक्त भारत की आधारशिला है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करे। कार्यक्रम में तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, जयस रैली में शामिल नागरिक, संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ तथा थाना कसरावद पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

एक नजर में

**बावड़ी बस स्टैंड पर महासंघ के जिलाध्यक्ष सुभाष खांडे, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की चर्चा**

## अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार खरगोन आए



**खरगोन ।** शनिवार को अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार खरगोन पहुंचे। शहर आगमन पर बावड़ी बस स्टैंड पर महासंघ के जिला अध्यक्ष सुभाष खांडे, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इसके पश्चात परमार दांगी धर्मशाला पहुंचे, जहां उन्होंने बलराम खटिक के यहां पगड़ी रस्म में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही पूनमचंद गांगले के बेटे नरेंद्र गांगले के स्वर्गवास पर उनके निवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट की और उन्हें ढांढस बंधाया। बाद में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी के निज निवास पर एवं भाजपा नगर अध्यक्ष श्रीमती शीतल राठौड़ के निज निवास पर श्री परमार का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात श्री परमार भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन सहित भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समाज को एकजुट होकर अपने स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने युवाओं से विशेष आग्रह किया कि राष्ट्रवाद की नींव को कभी न छोड़ें। देश और समाज की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान राम ने अपने 14 वर्षों के वनवास के दौरान कोई राजा-महाराजाओं के साथ समय नहीं बिताया, बल्कि उन्होंने अपना समय शोषित और वंचित समाज के साथ बिताया। यही हमारी संस्कृति और सेवा का मूल मंत्र है।

आगे कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय बलाई महासंघ के जिला अध्यक्ष सुभाष खांडे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन से जिले में संगठन विस्तार अभियान तेज किया जाएगा।

## मंदिर के तीनों शिखरों पर ध्वजारोहण



**बड़वाह।** जैन धर्म का आठ दिवसीय शाश्वत पर्व अष्टानिका महापर्व सोमवार धर्म नगरी बडवाह में श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन के तीनों मंदिरों की शिखरों पर धातु की स्थाई धर्म ध्वजारोहण धर्मानुरागी बंधुओ के द्वारा किया गया। मंदिरों में सुबह श्रीजी के कलशाभिषेक व शांतिधारा कर नित्य नियम पूजन कर ध्वजारोहण किया गया।प. पूज्य आर्यीका 105 लक्ष्मी भूषण माता के पावन सानिध्य में ब्र.पारस भैय्या ब्र, वैभव भैय्या ब्र, रिंपी दीदी उषा दीदी के मार्गदर्शन में मूलनायक 1008 श्री नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस के साथ अभिषेक पूजन शांति धारा व विधान पूजन के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।8 दिन तक प्रतिदिन दिगम्बर जैन मंदिरों में प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना, मण्डल विधान, शाम को महाआरती, भक्ति संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई आयोजन होंगे।अष्टानिका पर्व ब्र,पारस भैय्या वैभव भैय्या के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाए जाएंगे।कार्यक्रम पश्चात समाज अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी का आभार व्यक किया।